# डा.भीमराव आम्बेडकर का कार्य समाज को नई दिशा देते रहेंगे: मुख्यमंत्री धामी

**महापरिनिर्वाण**

**8 मुख्यमंत्री ने कहा कि आम्बेडकर की ओर से किए गए कार्य चिरकाल तक समाज को दिशा देते रहेंगे**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक उत्थान और जनसेवा के लिए डा. भीमराव आम्बेडकर की ओर से किए गए कार्य चिरकाल तक समाज को नई दिशा देते रहेंगे। बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संविधान निर्माण और भारत रत्न डा. भीमराव आम्बेडकर के



महापरिनिर्वाण दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।
इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि शोषित और वंचित वर्ग के लिए महान समाज सुधारक, शिक्षाविद, संविधान के निमार्ता डा. भीमराव आम्बेडकर हमेशा संघर्षरत रहे।

## परिनिर्वाण दिवस पर भारत रत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर को पूर्व महापौर ने दी श्रद्धांजलि

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व महापौर अनिता ममगांई ने कहा कि गरीबों एवं दलितों के मसीहा के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले भारत रत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर को समाज को शिक्षित बनाने के लिए दिए गये योगदान के लिए भी सदैव याद रखा जायेगा।
बुधवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उत्तरांचल स्वच्छकार कर्मचारी संघ द्वारा आम्बेडकर नगर स्थित वाल्मीकि मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करते हुए पूर्व महापौर अनिता ममगांई ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।महापौर ने कहा कि जातिगत भेदभाव को दूर करने में अहम भूमिका निभाने के साथ देश का संविधान लागू करने में अहम भूमिका निभाने वाले बाबा साहब के विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

## पुण्य तिथि पर डा. आम्बेडर को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया याद

**गोष्ठी**

**8 -आम्बेडकर के संविधान निर्माण में अहम भूमिका को लेकर गोष्ठी में हुई चर्चा, चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित**



**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री भारतीय संविधान के जनक डा भीमराव राम आम्बेडकर की पुण्य तिथि पर कांग्रेस कार्यालय नई टिहरी में कांग्रेसजनों ने बाब साहब को याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।
बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय नई टिहरी में बाबा साहब की पुण्य तिथि पर कांग्रेसियों ने शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप पंवार की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन कर देश व देश के संविधान निर्माण में उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।
गोष्ठी में मुख्य वक्ता जिला पंचायत के पूर्व सदस्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य मुरारीलाल खंडवाल ने डा आम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज भारत में विधि के समक्ष समता है, तो यह बाबा साहब की देन है।
कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री शान्ति प्रसाद भट्ट ने कहा भारतीय संविधान के जनक डा भीमराव आम्बेडकर का बनाया हुआ कानून आज पूरे देश में लागू है, बाब साहब ने ही संविधान में यह व्यवस्था दी कि हम विधि के शासन में है।

## डा. आम्बेडकर ने सदैव सामाजिक न्याय के लिए कार्य किया : प्रवीण चन्द्र

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय संविधान के निमार्ता, डा. भीमराव आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में बीएचईएल उपनगरी के स्वर्ण जयंती पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम में बीएचईएल के कार्यपालक निदेशक प्रवीण चन्द्र झा ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।
कार्यक्रम में प्रवीण चन्द्र झा ने कहा कि डा. आम्बेडकर ने हमेशा समानता, स्वतंत्रता और बंधुता पर आधारित समाज के निर्माण हेतु कार्य किया।

# खेलों में भी हैं बेहतर भविष्य की संभावनाएं: खेल मंत्री रेखा

**प्रयत्न**

**8 आर्या ने कहा कि हमारी सरकार ने शिक्षा के साथ खेलों में भी विद्यार्थियों को जोड़ने का प्रयत्न किया है**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि आज के दौर में खिलाड़ियों के लिए खेल का दायरा महज मनोरंजन और फिटनेस तक सीमित नहीं रहा बल्कि अब इसमें खिलाड़ियों को सुनहरा भविष्य नजर आ रहा है। सरकार खिलाड़ियों और खेल के प्रति गंभीर होकर कार्य कर रही है।
खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा




आर्या ने जिला स्तरीय खेल महाकुंभ-2023का विधिवत शुभारंभ के मौके पर बात कही। इस दौरान बच्चों की ओर से विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गईं। जिला स्तरीय खेल महाकुंभ में खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन किया।
खेल मंत्री ने सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र ,मेडल और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।
खेल एवं युवा कल्याण मंत्री आर्या ने कहा कि हमारी सरकार ने शिक्षा के साथ खेलों में भी विद्यार्थियों को जोड़ने का प्रयत्न किया है, स्कूल का होम वर्क, आधुनिक जीवन शैली और स्मार्ट फोन पर बीत रहे बचपन में खेल कहीं गुम सा हो गया था, लेकिन खेल महाकुंभ कार्यक्रम की शुरूआत इसे फिर से पटरी पर लाने का प्रयास कर रही है।
खेल मंत्री ने साथ ही कहा कि खेल महाकुंभ की शुरूआत न्याय पंचायत स्तर से शुरू की गई थी जो कि अब ब्लॉक स्तर से होते हुए जिला स्तर पर आयोजित हो रही है, जिसमें विभिन्न खेलों के प्रतिभागी अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि इस छोटे से राज्य में करीब चार लाख से अधिक प्रतिभागी खिलाड़ी खेलों में हिस्सा ले रहे हैं।
कार्यक्रम में निदेशक खेल एवं युवा कल्याण जितेंद्र सोनकर,ज्वाइंट डायरेक्टर खेल अजय अग्रवाल ,जिला युवा कल्याण अधिकारी चमन सिंह चौहान सहित विभागीय अधिकारीगण और समस्त प्रतिभागी खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### टेग्रा एसेंशिया लिमिटेड को 120 मिलियन रुपये के फ्रेश ऑर्डर्स प्राप्त हुए

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
लाइफ एसेंशियल्स के व्यवसाय में संलग्न एक प्रोमिनेन्ट कंपनी इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड ने एग्रो प्रोडक्ट्स और इंफ्रास्ट्रक्चरल मैटेरियल्स बिजनेस डिवीजन्स से अपडेट की घोषणा की है। कंपनी को ईआरडब्ल्यू स्टील पाइप्स और एचआर कॉइल्स के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर मटेरियल डिवीजन के साथ-साथ प्रीमियम ड्राई फ्रूट (काजू) के लिए कलेक्टिव्ली 120 मिलियन रुपये से अधिक का नया ऑर्डर मिला है। कंपनी कई प्रेस्टीजियस कस्टमर्स के साथ लॉन्ग-टर्म सहयोग पर काम कर रही है, जिसका लक्ष्य चालू वित्तीय वर्ष (वर्ष-दर-वर्ष आधार पर) के दौरान 15-20 प्रतिशत की ओवरऑल ग्रोथ है और वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान टार्गेटेड रेवेन्यू नंबर्स प्राप्त करने या उससे भी अधिक होने की उम्मीद है। इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड का लक्ष्य लाइफ एसेंशियल्स और लाइफ स्टाइल प्रोडक्ट्स तथा लाइफ एसेंशियल्स की वाइड वैरायटी की लगातार बढ़ती मांग में एम्बेडेड (अंतर्निहित) बिजनेस पोटेंशियल का दोहन करने के लिए सिनर्जेटिक इंटीग्रेशन/अमैल्गमेशन (समामेलन) करना है, जो सोर्सिंग अप्रोच, प्रोड्यूसिंग और थोक और विशेष मटेरियल्स और सर्विसेस की विशाल श्रृंखला की मार्केटिंग के आधुनिक व्यावसायिक दृष्टिकोण पर आधारित है।
इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड एक कंपनी है जो लाइफ एसेंशियल्स यानी खाद्य (एग्रो प्रोडक्ट्स), कपड़े (टैक्सटाइल एंड गारमेंट्स), इंफ्रास्ट्रक्चर (कंस्ट्रक्शन और इंफ्रास्ट्रक्चर के डेवलपमेंट के लिए मटेरियल्स और सर्विसेस) और एनर्जी (रिन्यूएबल एनर्जी, इक्विपमेंट और प्रोजेक्ट्स के लिए मटेरियल्स, प्रोडक्ट्स और सर्विसेस) तथा मॉडर्न लाइफ को बनाए रखने के आवश्यक कई अन्य प्रोडक्ट्स और सर्विसेस के कारोबार में लगी हुई है।
अपने उपलब्ध रिसोर्सेज की खोज और उपयोग करके सोसाइटी, नेशन और ग्लोबल रिक्वायरमेंट्स को सर्व करने के लिए कंपनी एंड यूजर्स को न्यूनतम लागत पर वितरित करने योग्य फूड एसेंशियल्स में महत्वपूर्ण निवेश कर रही है और खुद को खाद्य उद्योग में अग्रणी खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने पर केंद्रित है। खाद्य आवश्यक वस्तुओं और अन्य व्यवसायों के अलावा, कंपनी वर्तमान में देश की बुनियादी ढांचे की जरूरतों के लिए थोक और विशेष सामग्री और सेवाओं की आपूर्ति पर जोर दे रही है।

### अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नीरजा को उत्तराखंड मुक्त विवि हल्द्वानी ने किया सम्मानित

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय विश्व दिव्यांग दिवस 2023 के दौरान कविता, साहित्य, समाज सेवा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और शिक्षा के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सम्मानित किया।
इस दौरान ऋषिकेश से नरेंद्र रयाल को कविता एवं साहित्य के लिए और नीरजा गोयल को समाज सेवा एवं अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी के लिए सम्मानित किया। इनके अलावा हरिद्वार से प्रदीप नेगी को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने और रुद्रपुर से मनोज सरकार बैडमिंटन खिलाड़ी के लिए सम्मानित किया गया। पुरस्कृत किए गए। खेलों से जुड़े प्रतिभागियों ने उन्हें सम्मानित किए जाने के लिए संस्था का आभार व्यक्त किया है।

### पत्नी के हत्यारे पति को आजीवन कारावास की सजा, डेढ़ लाख का जुर्माना

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
पत्नी के साथ मारपीट कर जहर पिलाकर मौत के घाट उतारने वाले पति को जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरुबख्श सिंह ने आजीवन कारावास और डेढ़ लाख रुपये का जुमार्ने की सजा सुनाई। उक्त जानकारी देते हुए विशेष लोक अभियोजक पुन: सिंह ने बताया कि मोरी ब्लाक सांद्रा गांव निवासी यशपाल चौहान ने 31 अक्टूबर 2018 को अपने पत्नी को जबरन जहर पिलाकर मौत के घाट उतार दिया और उसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोरी में भर्ती कराया जहां से उन्हें रेफर कर पुरोला भेजा और वहां से भी देहरादून के लिए रेफर किया गया। रास्ते में उसकी पत्नी ने दम तोड दिया।

## विशेष कार्याधिकारी ने सुदूर गांव गंगी का किया भ्रमण



**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड शासन के विशेष कार्याधिकारी संजीव कुमार शर्मा ने जनपद के विकास खण्ड भिलंगना के सुदूर क्षेत्र के गांव गंगी का भ्रमण किया। ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए अधिकारियों ने निस्तारण के निर्देश दिए।
विशेष कार्याधिकारी संजीव कुमार शर्मा सुदूर गांव गंगी पहुंचकर सर्वप्रथम ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना। विभागवार कार्यो की समीक्षा करते हुए ग्रामवासियों को पेयजल स्वास्थ्य, पशुपालन, उद्यान, कृषि, बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ सम्बन्धित सभी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा क। उद्यान विभाग एवं कृषि विभाग की संचालित योजनाओं को ग्राम गंगी में क्रियान्वयन के लिए निर्देशित किया। शर्मा ने गांव के लिए पीएमजीएसवाई की बनाई 16.5 किमी सड़क में जगह-जगह सुधार करने, गंगी में बस स्टैण्ड तथा 100 मीटर सड़क निर्माण विवाद को सुलझाने की कार्यवाही तेजी से करने के भी निर्देश जारी किए।
विशेष कार्याधिकारी शर्मा ने ग्राम गंगी में विकास योजनाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को शासन की प्राथमिकता व मनसा के अनुरूप पूरी ईमानदारी एवं कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये।
उनके द्वारा मेरा गांव-मेरी सड़क योजना निस्वाली (भाटगांव), ग्राम पंचायत ज्यूदाणा में मनरेगा के तहत बन रहे सीसी खण्डजा, राज्य वित्त से निर्मित सीसी मार्ग रेलिंग कार्य ज्यूदाणा एवं प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत शाकुम्बरी देवी के आवास का भी निरीक्षण किया गया।
इस दौरान बीडीओ भिलंगना अर्जुन सिंह रावत, साहसिक खेल अधिकारी पर्यटन केएस नेगी, ईई पीएमजीएसवाई अंकित कुमार, ईई जल संस्थान सन्तोष कुमार उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## स्मार्ट फोन शिक्षा का निशुल्क प्रशिक्षण दिया

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
नारी शक्ति सुदृढ़ करने को डिजिटल सशक्तिकरण के अन्तर्गत स्मार्टफोन शिक्षा पर निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का ग्राम पंचायत आरकोट विकास खण्ड चम्बा में शुभारंभ हुआ।
प्रशिक्षण का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख चंबा शिवानी विष्ट और बीडीओ आशिमा गोयल ने किया। प्रशिक्षण के तहत दो सप्ताह का सर्टिफिकेट कोर्स करवाया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पंचायत बटखेम, सौन्दकोटी, लामकोट, धारकोट, पलास, भाटूसैण, थान, सावली, मज्यूड़, स्यूटा, छोटा स्यूटा बड़ा एवं आरकोट की महिलाओं ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया।

# कंस्ट्रक्शन मशीनों सहित अन्य सामान चोरी करने वाले आरोपित गिरफ्तार, माल बरामद

**खुलासा**

**8 कंस्ट्रक्शन साइट से किसी ने पांच कंस्ट्रक्शन मशीन सहित अन्य सामान चोरी कर लिया है।**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत श्यामपुर चौकी के निकट से एक कंस्ट्रक्शन कंपनी की साइड से अज्ञात चोरों ने कंस्ट्रक्शन मशीन एवं अन्य सामान की चोरी का घटना के तीन दिन बाद खुलासा करते हुए चोर को सामान सहित



गिरफ्तार करने का दावा किया है। कोतवाली ऋषिकेश के प्रभारी निरीक्षक शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि रामगोपाल शर्मा निवासी शिवाजी नगर ऋषिकेश ने एक लिखित तहरीर में कहा कि 3 दिसंबर की रात्रि में उनकी श्यामपुर स्थित कंस्ट्रक्शन साइट से किसी अज्ञात व्यक्ति ने पांच कंस्ट्रक्शन मशीन सहित अन्य सामान चोरी कर लिया है।
कोतवाली ऋषिकेश के ने घटना का खुलासा किए जाने के लिए एक टीम का गठन किया गया। आरोपितों के संबंध में जानकारी जुटाकर एक व्यक्ति को श्यामपुर हाट रोड के पास से गिरफ्तार कर घटना से संबंधित चोरी किया गया माल बरामद किया। आरोपित का नाम अंकुश कुमार पुत्र सुदेश कुमार निवासी गली नंबर 14 चोपड़ा फार्म श्यामपुर ऋषिकेश बताया गया ।

# नशा तस्करों के विरुद्ध पुलिस की मुहिम का दिखने लगा असर

**धर दबोचा**

**8 -100 .88 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक आरोपित को पुलिस ने धर दबोचा**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया** कोतवाली पुलिस का नशा तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई का असर दिखने लगा है। पुलिस टीम ने 100.88 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक आरोपित को धर दबोचा।
कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि बुधवार को ऋषिकेश पुलिस ने आईएसबीटी ऋषिकेश के पास से संदिग्ध अवस्था में घूम रहे



एक व्यक्ति को रोक कर चेक किया तो उसके पास से कुल 100.88 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 10 लख रुपये बताई गई है। आरोपित को मौके से गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध कोतवाली ऋषिकेश पर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।
पूछताछ में अभियुक्त ने बरामद स्मैक को रामपुर से लेकर आना बताया है, जिसे वह स्थानीय पैडलरों को सप्लाई करने की फिराक में था। अभियुक्त से पूछताछ में मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त कुछ अन्य तस्करों के नाम प्रकाश में आए हैं, जिनके संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पकड़े गए आरोपित का नाम फरमान अली पुत्र काजी निवासी ग्राम जूटिया, थाना शहजाद नगर, जिला रामपुर, उत्तर प्रदेश बताया गया है।

उत्तर रेलवे
ई-नीलामी
मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 29 एस.एल.आर.:
13010 (F-I, F-II, R-I), 12370 (F-I), 19566 (F-I, F-II, R-1), 12912 (F-I), 14308 (F-I, F-II, R-I), 14631 (F-I, F-II, R-I), 19610 (F-I), 15006 (F-I), 14230 (F-I, F-II, R-I), 12056 (F-I), 12328 (F-1), 14042 (F-I, F-II, R-I), 14120 (F-I), 12172 (F-I), 14090 (F-I, F-II, R-I), के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई-नीलामी के तहत दिनांक 19.12.2023 (Timings 10:00 am) को बोली आमंत्रित करने हेतु सूचना। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध है।
मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 34 एस.एल.आर.:
14320 (F-I, F-II, R-I), 22918 (F-I), 14236 (F-I F-II, R-I), 14321 (F-I), 14311 (F-I), 14718 (F-I, F-II, R-I), 12091 (F-I, F-II, R-I), 14310 (F-I), 14318 (F-1), 14315 (F-I, F-II, R-I), 14609 (F-I), 14665 (F-I), 12037 (F-I), 15120 (F-I), 12018 (F-I), 14887 (F-1, F-II, R-I), 14304 (F-I, F-II, R-I), 14306 (F-I, F-II, R-1), के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई-नीलामी के तहत दिनांक 20.12.2023 (Timings 10:00 am) को बोली आमंत्रित करने हेतु सूचना। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध है।
3823/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# प्रधानमंत्री की सुरक्षा में नियुक्त पुलिस बल को किया ब्रीफ

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
ग्लोबल इन्वेटर्स समिट का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 08 दिसंबर को एफआरआई में उद्घाटन करेंगे। उच्चाधिकारियों ने प्रधानमंत्री के आगमन से पहले सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल को तैयारियों को लेकर ब्रीफ किया। इस दौरान वीवीआईपी रूट और कार्यक्रम स्थल पर त्रुटिरहित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कार्यक्रम स्थल व उसके आस-पास के क्षेत्रों में ड्रोन का संचालन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।
देहरादून स्थित एफआरआई में दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेटर्स समिट 08 दिसम्बर से आयोजित हो रहा



है। इसको लेकर अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था व अन्य उच्चाधिकारी की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षा में नियुक्त समस्त पुलिस बल की पुलिस लाइन में ब्रीफिंग की गई। इस दौरान सुरक्षा प्रबन्धों की समीक्षा की गई। वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य में सभी अधिकारी/कर्मचारी को सजग एवं सतर्क रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए निर्देशित किया गया।
उन्होंने सभी अधिकारी/ कर्मचारी ड्यूटी के दौरान निर्धारित समय से 03 घण्टे पूर्व अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचकर, अपनी ड्यूटी के सम्बन्ध में अपने प्रभारी अधिकारी से जानकारी प्राप्त कर लें और ड्यूटी स्थल व उसके आस-पास के स्थानों को भली-भांति चेक कर लिया जाए। ड्यूटी में नियुक्त सभी अधिकारी/कर्मचारी अपने साथ पहचान पत्र, ड्यूटी कार्ड अवश्य रखे। कार्यक्रम स्थल पर केवल अधिकृत व्यक्तियों व उनके वाहनों को ही विधिवत चेकिंग/ फ्रिस्किंग के बाद ही जाने की अनुमति दी जाए।
इसके अतिरिक्त ड्यूटी में नियुक्त पुलिस बल को निर्देशित किया कि ड्यूटी के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग न किया जाए और न ही बिना बताए अपने ड्यूटी प्वाइंट को छोड़ा जाए। ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर सम्बन्धित पुलिस कर्मी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। सभी नोडल पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह सादे व वर्दी में लगने वाले समस्त पुलिस बल की पहचान कर उनके ड्यूटी कार्ड चेक करते हुए उन्हें ड्यूटी के सम्बन्ध में भली भांति ब्रीफ कर लें। इस बात को सुनिश्चित कर लें कि ड्यूटी में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारीगण अपने ड्यूटी स्थल को छोड़कर किसी एक स्थान पर एकत्रित न हों।

## ईश्वर का दर्शन करने के लिए दिव्य दृष्टि की आवश्यकता: भारती

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रामलीला ग्राउन्ड, रोहिणी, सेक्टर-24, विकास भारती पब्लिक स्कूल के सामने, दिल्ली में 4 से 10 दिसम्बर 2023 तक भव्य सात दिवसीय भगवान शिव कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी गरिमा भारती जी ने भगवान शिव की महिमा का रसास्वादन करवाया।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना

| | | | |
|---|---|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) | टेंडर नं. | T-12-TRD-MB-23-24-I |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल में आइसोलेटरों की वार्षिक ओवरहॉलिंग (एओएच) | | |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 28.12.2023 को 15.00 बजे | | |
| कार्य की अनुमानित लागत(₹) | ₹89,89,984.50 (including GST @ 18%) | | |
| बिड सिक्योरिटी राशि(₹) | ₹1,79,800/- | निविदा प्रपत्र का मूल्य(₹) | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 days | | |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 24 Months | | |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद | | |

निविदा सूचना सं.: Elect/TRD/MB/2023-24/TN-27 दिनांक 06.12.2023 3830/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मुख्यमंत्री धामी ने अस्पताल पहुंच कर गांववासी की ली स्वास्थ्य की जानकारी

**कामना**

8 उन्होंने गांववासी की धर्मपत्नी को ढांढस बढ़ाते उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को कैलाश अस्पताल पहुंचकर वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री मोहन सिंह गांववासी की कुशलक्षेम की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी लेते हुए मोहन सिंह गांववासी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने अस्पताल पहुंचकर वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह रावत गांववासी के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने उनका इलाज करने वाली डाक्टरों की टीम से उनके उपचार और उनकी सेहत को लेकर बातचीत की। उन्होंने गांववासी की धर्मपत्नी को ढांढस बढ़ाते उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## जेल समीक्षा दिवस के अवसर पर सिविल जज सचिव ने किया न्यायिक बंदी गृह का निरीक्षण

**चम्पावत/टीम एक्शन इंडिया**
राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चम्पावत ने जेल समीक्षा दिवस के अवसर पर न्यायिक बंदीगृह लोहाघाट का निरीक्षण किया।सिविल जज सचिव ने कैदियों की समस्याओं की जानकारी ली और नि:शुल्क अधिवक्ता चाहने हेतु कैदियों से पूछा। निरीक्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चम्पावत द्वारा तैयार किये गये पम्पलेट्स एवं सरल कानूनी ज्ञानमाला पुस्तकों का भी वितरण किया गया।
उक्त निरीक्षण के दौरान प्रभारी न्यायिक बंदीगृह लोहाघाट में तैनात पीएलवी उपस्थित थे।
इसके अतिरिक्त सचिव द्वारा न्यायिक बंदीगृह लोहाघाट में स्थापित लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण कर रजिस्टरों का अवलोकन किया एवं क्लीनिक में नियुक्त पैनल अधिवक्ता एवं पीएलवी गणों को निर्देशित किया गया कि वह लीगल एड क्लीनिक में उपयोग में आने वाले रजिस्टरों का रख-रखाव उचित रूप से करें।

## बाबा साहब हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं : राज्यपाल जनरल गुरमीत सिंह

**राज्यपाल ने कहा**

8 हम सबको उनके दिखाए गए सामाजिक न्याय और समरसता के मार्ग पर चलना चाहिए।



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। हम सबको उनके दिखाए गए सामाजिक न्याय और समरसता के मार्ग पर चलना चाहिए। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने राजभवन में बुधवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के मौके पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बाबा साहब के महान आदर्श एक श्रेष्ठ समाज और मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### एचडीएफसी बैंक 1200 से अधिक शहरों और 6,000 केंद्रों में सबसे बड़े रक्तदान अभियान का करेगा आयोजन

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारत का अग्रणी निजी क्षेत्र का बैंक एचडीएफसी बैंक शुक्रवार, 8 दिसंबर, 2023 से शुरू होने वाले अपने राष्ट्रव्यापी रक्तदान अभियान के 15वें संस्करण को आयोजित करने की योजना बना रहा है। अपने प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम परिवर्तन के तहत भारत के 1200 प्लस शहरों में 6,000 केंद्रों पर रक्तदान शिविर का संचालन करेगा। इस वर्ष के रक्तदान अभियान में 4.5 लाख से अधिक रक्तदाताओं के भाग लेने की उम्मीद है। एचडीएफसी बैंक अपने कर्मचारियों, ग्राहकों, कॉरपोरेट्स, रक्षा बलों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों सहित विभिन्न प्रकार के रक्त दानदाताओं को जुटाने के लिए तैयार है। इस साल एक अनोखे दृष्टिकोण में एचडीएफसी बैंक ने लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए फीलिंग ऑफ सेविंग समवन नामक एक फिल्म लॉन्च की है। फिल्म व्यक्तियों को इस जीवन रक्षक कार्य में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करती है और रक्तदान की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर देती है। यह फिल्म बैंक के सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज की जाएगी, यह जनता के बीच उनके योगदान के प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा करेगा और अभियान में बड़े पैमाने पर रक्तदान के लिए प्रेरित करेगा।
एचडीएफसी बैंक के कार्यकारी निदेशक, भावेश जवेरी ने कहा कि एचडीएफसी बैंक में हम लोगों को इस प्रयास में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने में बहुत गर्व महसूस करते हैं, क्योंकि दान किए गए रक्त की हर बूंद एक संभावित जीवन रक्षक है। अपने 15वें अखिल भारतीय रक्तदान अभियान के साथ हम नागरिकों को इस नेक काम में भाग लेने और अपना योगदान देने के लिए एक मंच देना चाहते हैं। यह पहल 2007 में केवल 88 केंद्रों और 4000 दानदाताओं के साथ शुरू की गई थी जो केवल बैंक कर्मचारियों के बीच ही चलाई गई थी। पिछले कुछ वर्षों में इस अभियान का दायरा बढ़ा दिया गया और इसमें कॉलेज के छात्रों, कॉरपोरेट्स और सेना और सेवा कर्मियों को शामिल किया गया।

### एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध एसएमई कंपनियों ने पार किया एक लाख करोड़ रुपये का बाजार पूंजीकरण

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारत के अग्रणी स्टॉक एक्सचेंज, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने पहली बार एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर एक लाख करोड़ का बाजार पूंजीकरण देखा। 2012 में अपनी स्थापना के बाद से, एनएसई एसएमई प्लेटफॉर्म ने हमारे देश के बढ़ते छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए एक व्यवहार्य और टिकाऊ अवसर प्रदान करने में उत्प्रेरक के रूप में काम किया है। आज तक, 397 कंपनियां 7,800 करोड़ से अधिक की फंड जुटाने के साथ एनएसई इमर्ज पर सूचीबद्ध हुई हैं। वर्ष 2017 में लॉन्च किया गया निफ्टी एसएमई इमर्ज इंडेक्स, जिसमें वर्तमान में 19 क्षेत्रों की 166 कंपनियां शामिल हैं, ने नवंबर 2023 तक 39.78 प्रतिशत का सीएजीआर दिखाया है, जो एक उल्लेखनीय ट्रैक रिकॉर्ड और हमारे देश के समग्र आर्थिक विकास में एसएमई क्षेत्र के बढ़ते योगदान को दर्शाता है। इस साल की शुरूआत में, एनएसई ने नियामक अनुपालन के व्यापक सीखने के चरण के साथ उच्च गुणवत्ता वाली कंपनियों को बढ़ावा देने के लिए अपने मेनबोर्ड प्लेटफॉर्म पर एसएमई सूचीबद्ध कंपनियों के प्रवास पर अपने एनएसई इमर्ज मानदंड को मजबूत किया था। फिलहाल इसमें कंपनियां हैं। एनएसई के मुख्य व्यवसाय विकास अधिकारी श्रीराम कृष्णन ने कहा कि एनएसई की उभरती सूचीबद्ध कंपनियों का एक लाख करोड़ बाजार पूंजीकरण को पार करना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह भारतीय एमएसएमई की छिपी हुई क्षमता को प्रदर्शित करता है जो हमारे देश की आर्थिक वृद्धि की प्रेरक शक्ति रही है। एनएसई में हम आगामी संगठनों के लिए धन जुटाने के अवसरों को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि वे अपनी विकास कहानियों को चार्ट कर सकें और पूंजी बाजार को अधिक सुलभ बना सकें। हम भारतीय एमएसएमई से एनएसई इमर्ज के माध्यम से पूंजी जुटाने के वैकल्पिक स्रोत का पता लगाने का आग्रह करते हैं।

## छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया

**चम्पावत/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद के विभिन्न विद्यालयों में आपदा से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार को पाटी ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज रीठाखाल में एक दिवसीय आपदा संबंधी खोज-बचाव कार्य एवं जन जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ।इसके अंतर्गत जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, चम्पावत के मुख्य प्रशिक्षक खोज-बचाव भरत गुंसाई ने आपदा संबंधित प्रशिक्षण दिया कार्यक्रम के दौरान आपदा प्रबंधन एवं जन-जागरूकता बाढ़, भूस्खलन, भूकम्प,वनाग्नि जानकारियां दी तथा आपदा से पूर्व दौरान पश्चात की जानकारी भी दी गयी।

## पंतद्वीप पार्किंग वेंडिंग जोन की क्षमता 200 स्ट्रीट वेंडर्स की हो: संजय चोपड़ा

**योजनाएं**

8 सरकार के निर्देशन में मां गंगा के घाटों का स्थाई रूप से विकास किए जाने की योजनाएं बनाई जा रही हैं



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
फुटपाथ के कारोबारी (स्ट्रीट वेंडर्स) के संगठन लघु व्यापार एसोसिएशन पंत दीप इकाई की बैठक में पंत दीप पार्किंग में 200 रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों की क्षमता का वेंडिंग जोन बनाए जाने की मांग की है।
लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा उत्तराखंड सरकार के निर्देशन में मां गंगा के घाटों व समस्त पार्किंगों का स्थाई रूप से विकास किए जाने की योजनाएं बनाई जा रही हैं। विकास की योजनाओं में रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों को भी अलग से शहरी समृद्धि के तहत उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार वेंडिंग जोन के रूप में व्यवस्थित व स्थापित किया जाना न्याय संगत होगा। चोपड़ा ने कहा पंत दीप पार्किंग में वर्षों से रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारी अपने परिवार के पालन पोषण के लिए स्वरोजगार करते चले आ रहे हैं पंत दीप पार्किंग में लगभग 200 परिवार स्थानीय कारोबारी हैं, जिन्हें केंद्र और राज्य सरकार के संरक्षण में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत वेंडिंग जोन दिए जाने को लेकर विकास के मानचित्र में सम्मिलित किया जाना आवश्यक है।
बैठक में सम्मिलित हुए लघु व्यापारियों में आशीष अग्रवाल, हंसराज अरोरा, प्रिंस साहू, वीरेंद्र चौहान, कृष्णपाल सिंह, वीर गिरी, राजा ठाकुर, मनोज कुमार, रवि कुमार, रामेश्वर सिंह, माला देवी, गीता देवी, दुर्गा, सपना देवी आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## व्यापार मंडल ने की आयोग बनाने की मांग

**वार्ता**

8 चौधरी ने बताया कि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा राज्य सरकार व्यापारियों के साथ खड़ी है



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष संजीव चौधरी ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा से मुलाकात कर व्यापारी आयोग बनाए जाने सहित अनेक व्यापारी समस्याओं पर वार्ता की।
चौधरी ने बताया कि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा राज्य सरकार व्यापारियों के साथ खड़ी है। समाज के हर वर्ग को न्याय मिले इसके लिए राज्य सरकार हर पल तत्पर है। पूर्व में भी कोरोना में हुए मुकदमे राज्य सरकार ने वापस ले लिए थे। व्यापारी आयोग के लिए क्या संभव हो सकता है इस पर विचार किया जाएगा।व्यापारी समाज का मुख्य अंग है और भाजपा हर वर्ग के साथ खड़ी है। प्रदेश अध्यक्ष संजीव चौधरी ने बहुगुणा को आश्वस्त किया कि व्यापारी हमेशा प्रदेश के उन्नति व विकास में राज्य सरकार के साथ खड़ा है और राज्य सरकार ने भी सदैव व्यापारी हितों को ध्यान में रखा है।अनेक आयोगों का सरकार ने गठन किया है।

## रोडवेज बस में महिला का शव मिलने से हड़कम्प

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
मुजफ्फरनगर से रुड़की आ रही रोडवेज की एक बस में महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल रुड़की भेज दिया। मृतका के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।
आज दोपहर मुजफ्फरनगर से रुड़की आ रही एक रोडवेज बस में महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान खुशबू (32वर्ष) पत्नी लोकेश निवासी रुड़की के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि मृतका बुधवार को मुजफ्फरनगर से रुड़की स्थित अपनी ससुराल आ रही थी।

## राज्य आंदोलनकारी चिह्नीकरण को लेकर की गई बैठक



**बैठक**

8 चिह्नीकरण एवं समस्याओं के संबंध में एक बैठक जिलाधिकारी नवनीत पांडे की अध्यक्षता में हुई

**चम्पावत/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद में राज्य आंदोलनकारियों के पुनः परीक्षण को लेकर चिह्नीकरण एवं समस्याओं के संबंध में एक बैठक जिलाधिकारी नवनीत पांडे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राज्य आंदोलनकारियों की विभिन्न समस्याओं के साथ ही पुराने लंबित आवेदन जो राज्य आंदोलनकारियों से संबंधित थे पर चर्चा की गई। बैठक में 10 पुराने ऐसे लंबित आवेदन जिनके द्वारा राज्य आंदोलनकारी चिह्नीकरण हेतु पूर्व में आवेदन प्रस्तुत किए गए इस संबंध में गठित समिति के साथ चर्चा करते हुए जिला अधिकारी ने सभी 10 व्यक्तियों के आवेदन पर संबंधित उप जिलाधिकारी एवं पुलिस के माध्यम से पुनः जांच आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।
इन 10 प्रकरणों में कुछ में नाम की त्रुटि आदि के साथ ही अन्य अभिलेख की पुष्टि से संबंधित थे। इसमें जिलाधिकारी ने पुनः जांच कराए जाने का आश्वासन समिति के सदस्यों को दिया।बैठक में विभिन्न पत्रकार सदस्यों को भी राज्य आंदोलनकारी घोषित किए जाने के संबंध में चर्चा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रकार के सभी प्रकरणों को शासन के संज्ञान में लाने हुए पत्राचार किया जाएगा। बैठक में उपस्थित विभिन्न राज्य आंदोलनकारियों द्वारा उन्हें परिचय पत्र उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि शीघ्र ही उन्हें नए परिचय पत्र तैयार कर उपलब्ध कराए जाएंगे।
बैठक में पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पिंचा, अपर जिलाधिकारी हेमंत कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी सदर सौरभ असवाल, टनकपुर आकाश जोशी सहित समिति के सदस्य नवीन मुरारी, सुंदर सिंह, प्रह्लाद सिंह मेहता तथा केदार दत्त सुतेड़ी आदि उपस्थित रहे।

## एम्स में 7 दिसंबर से आयोजित किया जाएगा दो दिवसीय से सम्मेलन



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स में आगामी 7 दिसंबर से दो दिवसीय भारतीय सांस्कृतिक चिकित्सा पद्धति एवं वैदिक परंपरा के आधार पर महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य के लिए छठे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी एम्स की निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह ने पत्रकारों को दी।
प्रोफेसर मीनू सिंह ने बताया कि यह सम्मेलन आयुष विभाग, एम्स, ऋषिकेश द्वारा, श्रीराम योग प्रशिक्षण और अनुसंधान समाज की सहकार्यता 7 और 8 दिसम्बर को संस्थान के मुख्य सभागार में किया जाएगा।
सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रोफेसर मीनू सिंह, निदेशक व सीईओ एम्स, ऋषिकेश, स्वामी रामदेव प्रमुख, पतंजलि योग पीठ हरिद्वार , चिन्मय पंड्या प्रो. वाइस चैंसलर, देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार, प्रोफेसर दुर्गेश पंत निदेशक, प्रोफेसर जया चतुर्वेदी संकायाध्यक्ष एम्स व राज नारायण पांडेय अध्यक्ष योग सोसाइटी शामिल होंगे। आयोजन में मुख्यतः "महिला स्वास्थ्य के लिए योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यज्ञ, और आयुर्वेद की भूमिका" पर चर्चा व सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य हमारी मातृ-शक्ति के स्वास्थ्य विकास व उसके प्रति जरूरी जागरूकता फैलाना है। बताया गया कि आयोजन के तहत एक मुख्य सत्र छात्र- छात्राओं के लिए समर्पित है, जिसमें निबंध लेखन प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता जैसे मनोरंजक गतिविधि द्वारा इस महत्वपूर्ण विषय पर विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन करने के साथ साथ उनमें इस ओर विशेष रुचि का निर्माण करना है, जिससे नई पीढ़ी के चिकित्सा वर्ग इस विषय की गहराई व अनुसंधान उपयोगिता पर समझ विकसित होगी।
प्रो. सिंह ने बताया कि आयुष विभाग, एम्स ऋषिकेश अपनी संपूर्ण अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं व सुविधाएं बहुखंडीय चिकित्सा प्रणाली आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, होम्योपैथी, सिद्धा व यूनानी प्रणाली से प्रदान कर रहा है।

# सिलक्यारा सुरंग में हादसे के बाद पसरा सन्नाटा, कार्य शुरू होने को लेकर अभी तस्वीर साफ नहीं

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के उत्तरकाशी की सिलक्यारा निमार्णाधीन सुरंग में बीते 12 नवंबर को हुए भूस्खलन के कारण सन्नाटा पसरा हुआ है। अभी सुरंग निर्माण कार्य शुरू होने को लेकर तस्वीर साफ नहीं है। क्योंकि इस हादसे को लेकर गठित जांच टीम की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हुई है। हालांकि सिलक्यारा सुरंग में भूस्खलन के कारण फंसे 41 श्रमिकों को 17 दिन बाद सुरंग से सकुशल बाहर निकाल लिया गया था। दुनिया के इस सबसे बड़े रेस्क्यू आपरेशन देश-दुनिया के कई विशेषज्ञ लगे हुए थे। अभी इस निमार्णाधीन सुरंग में कार्य बंद है, यहां पर सन्नाटा पसरा हुआ है। सुरंग हादसे की जांच पड़ताल को गठित टीम ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है।



इस घटना से सुरंग के भविष्य को लेकर प्रश्न तो उठने लगे हैं। इसमें सबसे बड़ा सवाल यह भी है कि सुरंग के जिस हिस्से में भूस्खलन होने से श्रमिक भीतर फंस गए थे, उसका उपचार कैसे और कब होगा? हालांकि इस बारे में केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह पहले ही कह चुके हैं कि इस सुरंग का काम पूरा किया जाएगा।
गौरतलब है कि यमुनोत्री राजमार्ग पर चारधाम आलवेदर रोड परियोजना की निमार्णाधीन सिलक्यारा सुरंग में 12 नवंबर को हुए भूस्खलन से फंसे 41 श्रमिकों को 17 दिन बाद यानी बीती 28 नवम्बर की सायं को सभी श्रमिकों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया था। इसके बाद मेडिकल चेकअप के बाद कंपनी के सभी मजदूर छुट्टी लेकर अपने घर चले गए हैं और कंपनी में पूरी तरह से सन्नाटा का माहौल है।
इस सुरंग में हादसे के बाद उत्तराखंड सरकार ने 6 सदस्यीय विशेषज्ञ कमेटी गठित की थी, उसकी रिपोर्ट का कोई पता नहीं चल रहा है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है,लेकिन इसमें क्या कुछ कारण पाए गए हैं, इसका खुलासा अभी नहीं किया गया है। फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन के सफल होने के बाद से वहां पुलिस ने नो एंट्री के बोर्ड लगा रखे हैं।

**सिलक्यारा रेस्क्यू आपरेशन में हुए करोड़ों खर्च, निर्माण कंपनी नवयुगा उठाएगी खर्च-**
सिलक्यारा निमार्णाधीन सुरंग में 17 दिन तक चले रेस्क्यू आपरेशन का पूरा खर्च इसका निर्माण करवा रही नवयुगा कंपनी उठाएगी। यमुनोत्री हाइवे पर सिलक्यारा सुरंग बनाने का टेंडर एनएचआइडीसीएल ने हैदराबाद की नवयुगा इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड को दिया था। राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड के निदेशक (प्रशासन और वित्त) अंशु मनीष खलको ने कहा है कि हम जल्द ही रेस्क्यू ऑपरेशन में खर्च हुए पैसे का बिल निर्माण कंपनी नवयुगा इंजीनियरिंग लिमिटेड को भेजेंगे।
गौरतलब है कि 12 नवम्बर से 28 नवम्बर तक कुल 17 दिन तक चले बचाव अभियान में अनेकों एजेंसियों सहित हजारों लोगों ने बगैर रुके काम किया। 17 दिन तक चले रेस्क्यू में अत्यधुनिक ऑगर मशीन से ड्रिलिंग का कार्य किया गया।
इस बीच में कई प्रकार की अड़चनें आईं। इसके बावजूद भी युद्धस्तर पर कार्य करते हुए दुनिया के इस सबसे बड़े सुरंग रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया गया।
इस रेस्क्यू अभियान के दौरान पुलिस, एनडीआरएफ, बीआरओ,आरवीईएनएल, एसजेईएन एल, ओएनजीसी , टीएचडीसी, आईटीबीपी आदि दिन-रात जुटी रही। भारतीय वायुसेना के माल वाहन विमानों से चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी पर भारी मशीनों को उतारा गया। इसके अलावा वीवीआईपी मूवमेंट भी लगातार बना रहा, जिसमें करोड़ों की धनराशि खर्च होने का अनुमान है। इस अभियान में कुल कितनी धनराशि खर्च हुई, अभी इसका हिसाब नहीं हो पाया है।

**ईपीसी मोड और शर्तों का होगा परीक्षण-**
एनएचआइडीसीएल ने नवयुगा कंपनी को इंजीनियरिंग प्रिक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड में दिया है। इसकी लागत 853.79 करोड़ रुपये है। इस काम को पूरा करने की अंतिम तिथि आठ जुलाई 2022 को थी, जिसे आगे के लिए बढ़ाया गया था यानी इसे फरवरी 2024 तक का समय दिया गया है। इस सुरंग की 4.5 किमी लंबाई है।

